# बरेली पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 09.08.2025

## थाना इज्जतनगर

**थाना इज्जतनगर #bareillypolice द्वारा जनसेवा केन्द्र पर अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से जनसाधारण के साथ धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज बनाने वाले अभियुक्त को उपकरणों सहित किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली के निर्देशन जनपद बरेली में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना इज्जतनगर पुलिस द्वारा साइबर कैफे/जनसेवा केन्द्र पर अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से जनसाधारण के साथ धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज बनाने वाले जगमोहन सीएससी संचालक को फर्जी दस्तावेज बनाने वाले उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**सूचना एवं कार्यवाहीः-**

आज दिनांक 09.08.2025 को मुखविर द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम खजुरिया घाट थाना इज्जतनगर में साइबर कैफे/जनसेवा केन्द्र पर दुकान का शटर आधा गिराकर दुकान के अन्दर कम्प्यूटर/प्रिन्टर आदि उपकरणों के माध्यम से अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से जनसाधारण के धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से फर्जी आधार कार्ड व स्टाम्प लगाकर कूट रचित दस्तावेज तैयार किया जा रहे है। प्राप्तू सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी की कार्यवाही करते हुए अभियुक्त सुमित पुत्र राम गोपाल शर्मा निवासी ग्राम खजुरिया निकट आईटीई थाना इज्जतनगर, बरेली को गिरफ्तार किया गया तथा एक अभियुक्त भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से फर्जी दस्तावेज बनाने वाले उपकरण बरामद हुये है।

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरणः-**

अभियुक्त से पूंछताछ में यह जानकारी हुई है कि ये लोग आनलाइन साइट HTTPS//PRINTSCHRDS.IN का उपयोग कर फर्जी आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधान मंत्री जन आयोग नियोजना कार्ड, ई- श्रम कार्ड आदि बनाते थे तथा इनके द्वारा एयरटेल व वोडाफोन के सिम कार्ड भी बेचे जाते हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

सुमित पुत्र राम गोपाल शर्मा निवासी ग्राम खजुरिया निकट आईटीई थाना इज्जतनगर जिला बरेली उम्र 24 वर्ष

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 730/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) BNS व धारा 36 आधार कार्ड अधि0 थाना इज्जतनगर जनपद बरेली

**बरामदगी का विवरणः-**

01 कम्प्यूटर DELL COMPANY रंग काला, 01 प्रिन्टर कम्पनी EPSON रंग काला, 01 सीपीयू ZEBRONICS रंग काला BMS, 01 लैम्रेशन मशीन पीला/ काला, तीन मोहर अलग अलग, 08 आयुषमान कार्ड, 25 AIRTEL सिम कार्ड, 07 VODA सिम कार्ड, 03 फिंगर प्रिन्ट डिवाइस कम्पनी मार्को, 02 जेम स्केनर बोर्ड कम्पनी, 01 एक माऊस लौजीटेप डेल कम्पनी, 02 पैकेट हार्ड पेपर, 01 इन्क पैड, 26 आधार कार्ड, 02 पेन कार्ड, 01 पीएम सीएचसी कार्ड, 01 डाईविंग लाईसेन्स, 09 प्रधानमंत्री जनआयोग नियोजना कार्ड तथा 19820 रु0 नकद ।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. श्री बिजेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
2. उ0नि0 इसरार अली थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
3. उ0नि0 रोहित कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
4. हे0कां0 मुकेश कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
5. हे0कां0 भवनेश कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
6. कां0 नीशू तिवारी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
7. कां0 सतेन्द्र कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली